जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा

एनसीसी के 75 वे स्थापना दिवस 27 नवम्बर को महाविद्यालय परिसर में

रक्त दान शिविर का आयोजन

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में एनसीसी के 75 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 27 नवम्बर को महाविद्यालय परिसर में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन एनसीसी, एनएसएस, रेडरिबन क्लब, स्काउट एंड गाइड के संयुक्त तत्वाधान में एमबीएस हॉस्पिटल ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया। शिविर में 7 राज गर्ल्स बटालियन से आए कर्नल हेमंद्र बंसल मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि मेजर सुबोध शनवाल ने शिविर में एनसीसी कैडट्स को संबोधित कर रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया तथा ग्रुप प्रभारी एलके पंत, हवलदार जेएस बिष्ट, कुलदीप सिंह, कुमारसेन एवं जितेंद्र कुमार ने अपने अधिकारियों के साथ रक्तदान किया |

एनसीसी प्रभारी डॉ सरिता खण्डेलवाल ने बताया की नवम्बर के अंतिम रविवार को एनसीसी का स्थापना दिवस मनाया जाता है जिसके उपलक्ष्य में इस शिविर का आयोजन किया गया है। ब्लड बैंक के प्रभारी ने बताया कि रक्तदान करने से किसी को कोई हानि नहीं होती है। कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो रक्तदान कर सकता है एवं एक यूनिटरक्तदान से चार लोगों की जान बचाई जा सकती है।

प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने अपने उद्बोधन में बताया कि रक्तदान जीवनदान है व हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है। शिविर में 47 यूनिट रक्तदान हुआ एवं सभी रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया |

एनसीसी प्रभारी डॉ सरिता खंडेलवाल, रेडरिबन क्लब प्रभारी डॉ जाग्रति मीणा, स्काउट प्रभारी डॉ मौसमी मीणा, एनएसएस प्रभारी डॉ विकास जांगिड़ एवं सुश्री प्रीति बैरवा ने सभी रक्त दाताओं का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया| छात्रसंघ अध्यक्ष अंजलि मीणा एवं परिषद के अन्य पदाधिकारियों ने लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया एवं रक्तदान करवाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

एनसीसी कैडट्स ने पोस्टर, रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया| रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों तथा कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर रक्तदान किया |



SANJAY BHARGAVA

Digitally signed by SANJAY BHARGAVA
Date: 2023.05.13 17:50:28 +05'30'